बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

HO: HRM: 112:8332 13.10.2020

**NOTICE TO ALL RETIRED EMPLOYEES**

**ISSUED BY MEDICAL INSURANCE DEPT**
**HEAD OFFICE BARODA**

Dear Sir/Madam,

**Re: Renewal of Retirees Group Health Insurance Policy 2020-21 for the period of 01 Nov. 2020 to 31 Oct 2021 and new Super Top-Up Policy.**

We are pleased to inform that **National Insurance Company** has announced renewal of the Group Health Insurance Policy 2020-21 for the Retired employees for the Period of 01-Nov-2020 to 31- Oct-2021.

**The Salient Features of the renewal policy are as under:**

1. All those who were covered under the Group Health Insurance Policy for retired employees for the year 2019-20 and those who retired during 01.11.2019 to 31.10.2020 are eligible for coverage under the policy.
2. The terms and conditions of the Policy are revised as under:
   a) **Room Rent charges in Retirees Base policy as follows;**
   **For Sum Insured 1 lacs and 2 lacs:** Room Rent per day shall be payable upto 1.5% of Sum Insured and ICU charges per day shall be payable upto 2% of Sum Insured.
   **For Sum Insured 3 lacs and 4 lacs:** Room Rent per day shall be payable upto Rs.5000/- and ICU charges upto Rs.7500/-.
   b) **Insurance Company has offered multiple cover options of Sum Insured (such as 1 Lac, 2 Lacs or 3 Lacs) with lesser premium rates.**
   c) **Insurance Company has introduced an option for payment of a reduced premium to made available for a single adult i.e. either of Retiree with spouse or Surviving Spouse (Family Pensioner).**
3. All bills/receipts for purchase of medicine must bear the **valid GST No. (Printed )** of the issuer. Please note that the Condition is applicable for both hospitalization and domiciliary (OPD) Claims.
4. Insurance company has reduced the Premium Rate for Base Policy Coverage as well as Super Top Up Policy for the Retirees Group Health Insurance Policy.
5. There shall be a Super TOP-UP policy With and Without Domiciliary Option, which will be activated only after the exhaustion of the Limit prescribed in the Base Policy.
6. Retired employees shall exercise option for coverage With or Without domiciliary.
7. Employees who retired during **September 2019** to **October 2020** may give his/ her option to join the policy either "**With Domiciliary Option**" or "**Without Domiciliary Option**".
8. The employees who retired during the policy period September 2019 to October 2020 and have not joined the IBA Retirees Group Health Insurance Policy 2019-20 by paying one month pro-rata premium for the month of October 2020, can also join this policy.

प्रधान कार्यालय : मा.सं.प्र. – छठा तल, "बड़ौदा भवन", आर.सी.दत्त रोड, अलकापुरी, बड़ौदा–390007. गुजरात. (भारत).
**Head Office** : **HRM** - 6th Floor, "Baroda Bhavan", R. C. Dutt Road, Alkapuri, Baroda - 390007. Gujarat (INDIA).
ई–मेल/E-mail : hrm.ho@bankofbaroda.com, वेबसाइट/Website : www.bankofbaroda.com

9. Retirees who are covered under existing retiree's policy but not opted for Super Top-Up Policy last year can join the Super Top Up policy at the time of renewal.
10. Option to EXIT from Insurance is available.

We have been informed by the Insurance Company for the Rates of Premium for the various coverage, which are provided below:

1. **Coverage for WITHOUT DOMICILIARY and WITH DOMICILIARY :-**

| Cover Needed | Retirees Without Domiciliary ( With GST) | | Retirees With Domiciliary (With GST) | |
|---|---|---|---|---|
| S I | **Family Floater** | **Single Person** | **Family Floater** | **Single person** |
| 400000 | 32264 | 19358 | 80067 | 48040 |
| 300000 | 24199 | 14520 | 60054 | 36032 |
| 200000 | 16133 | 9680 | 40036 | 24021 |
| 100000 | 10890 | 6534 | 27024 | 16215 |

2. **Super Top Up Policy cover for all retired employees having a Base Policy with or without domiciliary (only for those who opted base policy Rs.3 lakhs (Award Staff)/ Rs.4 lakhs (Officer)**

| **Retirees (Rate with GST)** | | |
|---|---|---|
| SI | **Family Floater** | **Single person** |
| 500000 | 6554 | 3932 |
| 400000 | 5243 | 3146 |
| 300000 | 4194 | 2517 |
| 200000 | 3408 | 2045 |
| 100000 | 2097 | 1258 |

**Kindly note the following conditions before opting Base and Super Top UP Option:**

1. **Award staff cannot opt for 4 lacs Sum Insured in base policy:** They can choose Sum Insured in the range of 1 lac to 3 lacs. However, Officers can opt for any Sum Insured from 1 lac to 4 lacs in Base policy.
2. **Super Top Up policy is only available to Retirees Award Staff those who opt 3 lacs and Retirees Officer those who opt 4 lacs Sum Insured in Base Retirees Policy:** Award Staff can opt for 1 lac to 4 lacs Sum Insured in Super Top up policy; however officer can choose any sum insured from 1 lac to 5 lacs in Super Top up policy.
3. **Officer, who opt 3 lacs Sum Insured in Base Policy, can not avail Sum Insured in Super Top** Up Policy.
4. **As per the existing terms and conditions, domiciliary treatment will remain 10% of Base Policy Sum Insured opted, even for those who opted Single Person Rate.**
5. **Domiciliary Expenses are not covered under Super Top Up Policy.**

6. **As per request received from IBA, Separate rates were given for single person i.e., either of the below mentioned cases:-**
   a) Retiree without Spouse
   b) Surviving Spouse (Family Pensioner)
7. **Retirees who are not covered under existing Retirees GHI Policy 2019-20, can also be covered under Retirees policy 2020-21.**
8. Retirees who are not covered under **Super Top Up Policy 2019-20, can avail Super Top Up policy for 2020-21.**

**An example is illustrated below for understanding:**

For a Rs.3,00,000 Basic Policy, the Super Top Up Policy is for a Sum Insured of Rs.4,00,000. If there is a claim for up to Rs 3 lakhs there would be no claim under the Super Top Up Policy. In case there is a claim for Rs 6 lakhs then Rs 3 lakh would be paid from the basic policy and another Rs 3 lakh from the Super Top Up Policy. If there is a further claim within the same year and the basic policy is exhausted the balance will be paid from the Super Top Up Policy.

Similarly, For a Rs 4,00,000 basic policy, the Super Top Up Policy is for a Sum Insured of Rs 5,00,000.

The Rs 3 lakh basic policy becomes Rs 7,00,000 after the Super Top Up Extension. (Basic Sum Insured Rs 3 lakhs + Super Top Up Insured Rs 4 lakhs = Rs 7,00,000)
Similarly the Rs 4 Lakh Basic Policy becomes Rs 9,00,000 after the Super Top Up Extension. (Basic Sum Insured Rs 4 lakhs + Super Top Up Sum Insured Rs 5 lakhs = Rs 9,00,000)

**SPECIAL PERSONAL LOAN TO BOB STAFF PENSIONERS:**

It has also been decided by the bank to extend "Special Personal Loan to BOB staff pensioners" to facilitate them for payment of the yearly renewal premium for renewal of their Medical Insurance Policy. The maximum loan amount shall be upto the renewal premium amount or Rs 38000/ - whichever is less and can be repaid in maximum of 10 EMIs. Copy of this loan scheme is enclosed as **Annexure B** the Loan may be availed upto 25th Oct, 2020.

The Loan disbursed amount would be credited by the Branch to Pensioner saving account where monthly pension is credited.

We are sure that this loan scheme will mitigate the hardships of having to bear the burden of the higher premium amount in one go.

Those Retired Officers/ Award Staff, who wish to avail loan as details in above Annexure, may do so by approaching the pension paying Branch.

Branches are advised to credit the loan amount to his/ her pension account. It is the responsibility of the pensioner to ensure maintain adequate balance for debiting the premium amount.

The installment of Loan repayment will be deducted by the Pension Paying Branch on every month after credit of pension.

**Action Points:**

a) All those retired employees wanting to join the policy 2020-21 including those who are covered under the policy for the year 20-19 should submit their **OPTIONS ONLINE latest by 25-Oct-2020**.

**The Link for this will be available from 13.10.2020 to 25.10.2020 on Bank's website under Ex-employee section, path of which is given below:**

https://smepaisa.bankofbaroda.co.in/ExEmpinsurance2021

Details to be provided at the time of submitting online option:

i. Spouse (Name and Date of Birth), if required
ii. Account number and IFSC code of Branch
iii. Email Address and Mobile No
iv. Full Address with Pin Code for any communication.
v. Choose correct option.
vi. Can change your Cadre.

b) **Those who want to EXIT from the Insurance must give the option for the same.**

c) The premium as per the Option exercised would be debited on **26-Oct-2020** from their Account which would be provided by them at the time of submission of the Option. **It is therefore advised that sufficient balance is kept in the given account to avoid forfeiture of the policy.**

d) Options provided online will be treated as the authority to debit the account for premium amount.

e) **Retirees can opt With/ Without Domiciliary option in Retirees Policy 2020-21 irrespective of option they have chosen in last year policy.**

f) Retirees who have opted out of the IBA retirees GHI Policies in previous years are eligible to join any policy as per additional condition no.6 of IBA GMC policy.

g) Once the premium is remitted for a retiree, no option for change will be allowed.

h) NO hard copy for option submission will be accepted at Head Office or any other Branch/Office for submission of option.

i) **If NO option is received ONLINE, the Retirees covered under existing policy would be continued with the option "Without Domiciliary and Without TOP-UP Cover".**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

j) If **sufficient balance is not available** on **26-oct-2020, he/she will be considered as not interested in continuing Medical Insurance Policy and accordingly Renewal of Policy will not be made.**

k) Once option is exercised online, NO further change would be allowed.

We are sending a copy of this notice to all the Branches/ Offices to display a copy of this notice on their notice board for benefit of all retired staff members.

For any clarification please contact over email at medicalinsurance.ho@bankofbaroda.com

**(S Kannan)**
**Head- HRCPC & Terminal Benefits**

Copy to All branches/Offices in India for information with the request to display a copy of this notice on your notice board for benefit of all retired staff members. NO hardcopy of option to be accepted at any branch/office.

एचओ: एचआरएम:112:8332 13.10.2020

सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सूचना

मेडिकल इंश्योरेंस विभाग
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा द्वारा जारी

प्रिय महोदय/महोदया,

**विषय : सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु 01 नवंबर, 2020 से 31 अक्टूबर, 2021 तक के लिए सामूहिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी 2020-21 का नवीनीकरण और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए नई सुपर टॉप-अप पॉलिसी.**

हम आपको सहर्ष सूचित करते हैं कि **नेशनल इंश्योरेंस कंपनी** ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सामूहिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी का 01 नवंबर, 2020 से 31 अक्टूबर, 2021 तक की अवधि के लिए नवीनीकरण कर दिया है.

**पॉलिसी नवीनीकरण की मुख्य विशेषताएँ निम्नानुसार हैं:**

1. वे सभी स्टाफ सदस्य जो वर्ष 2019-20 की सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु सामूहिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी में कवर किए गए थे और ऐसे स्टाफ सदस्य जो 01.11.2019 से 31.10.2020 के दौरान सेवानिवृत्त हुए हैं, इस पॉलिसी में कवर किए जाने के लिए पात्र हैं.

2. **पॉलिसी की नियम एवं शर्तों को निम्नानुसार संशोधित किया गया है:**

   **ए) रिटाइरीज़ बेस पॉलिसी में कमरे के किराए का प्रभार निम्नानुसार है;**
   **<u>रु. 1 लाख और रु. 2 लाख की बीमाकृत राशि के लिए:</u> कमरे का किराया बीमाकृत राशि के 1.5% तक देय होगा और प्रतिदिन का आईसीयू प्रभार बीमाकृत राशि के 2% तक देय होगा.**

   **<u>रु. 3 लाख और रु. 4 लाख की बीमाकृत राशि के लिए:</u> कमरे का किराया रु. 5000/- तक देय होगा और आईसीयू प्रभार रु. 7500/- तक देय होगा.**

   **बी) बीमा कंपनी ने कम प्रीमियम दरों पर बीमा राशि (जैसे कि 1 लाख, 2 लाख या 3 लाख) का मल्टीपल** कवर विकल्प ऑफर किया है.

   **सी) बीमा कंपनी ने एकल वयस्क या जीवनसाथी के साथ सेवानिवृत दोनों में से कोई एक या उत्तरजीवी जीवनसाथी (परिवार पेंशनभोगी) को उपलब्ध कराने के लिए कम प्रीमियम के भुगतान हेतु विकल्प** का आरंभ किया है.

3. बिल और रसीद पर उसके जारीकर्ता का **वैध जीएसटी नंबर लिखा (मुद्रित)** होना चाहिए. कृपया ध्यान दें कि यह शर्त अस्पताल में भर्ती और डॉमिसिलरी (OPD) दोनों दावों के लिए लागू है.

4. बीमा कंपनी सामूहिक स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के लिए सुपर टॉप अप पॉलिसी के साथ-साथ मूल पॉलिसी कवरेज की प्रीमियम की दरों को कम किया है.

5. इसमें सुपर टॉप-अप पॉलिसी डॉमिसिलरी सहित या रहित विकल्प होगा जो कवरेज के लिए मूल पॉलिसी में निर्धारित सीमा के समाप्त होने के बाद ही सक्रिय किया जाएगा.

6. सेवानिवृत्त कर्मचारी बीमा के लिए डॉमिसिलरी सहित या रहित विकल्प का प्रयोग करेंगे.

7. जो कर्मचारी **सितंबर, 2019** से **अक्टूबर, 2020** के दौरान सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें **'डॉमिसिलरी सहित विकल्प'** या **'डॉमिसिलरी रहित विकल्प'** पॉलिसी को चुनने का विकल्प दिया जाएगा.

8. जो कर्मचारी पॉलिसी अवधि सितंबर, 2019 से अक्टूबर, 2020 के दौरान सेवानिवृत्त हुए हैं और जिन्होंने आईबीए जीएमसी सेवानिवृत्ति पॉलिसी 2019-20 को नहीं चुना है, वे भी 1 अक्टूबर 2020 से एक माह के प्रीमियम का अनुपातिक भुगतान कर इस पॉलिसी को ले सकते हैं.

9. ऐसे सेवानिवृत्त कर्मचारी जो मौजूदा सेवानिवृत्त कर्मचारी पॉलिसी के अंतर्गत कवर किए गए हैं लेकिन पिछले वर्ष जिन्होंने सुपर टॉप-अप पॉलिसी का विकल्प नहीं लिया है वे नवीकरण पर सुपर टॉप अप का विकल्प ले सकते हैं.

10. बीमा छोड़ने का विकल्प उपलब्ध है.

हमें बीमा कंपनी द्वारा विभिन्न कवरेज के लिए प्रीमियम की दरें सूचित की गई हैं जो निम्नानुसार हैं:

1. डॉमिसिलरी सहित और डॉमिसिलरी रहित के लिए कवरेज –

| आवश्यक कवर | सेवानिवृत्त डॉमिसिलरी रहित (जीएसटी सहित) | | सेवानिवृत्त डॉमिसिलरी सहित (जीएसटी सहित) | |
|---|---|---|---|---|
| बीमाकृत राशि | संपूर्ण परिवार | एकल व्यक्ति | संपूर्ण परिवार | एकल व्यक्ति |
| 400000 | 32264 | 19358 | 80067 | 48040 |
| 300000 | 24199 | 14520 | 60054 | 36032 |
| 200000 | 16133 | 9680 | 40036 | 24021 |
| 100000 | 10890 | 6534 | 27024 | 16215 |

2. <u>उन सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सुपर टॉप अप पॉलिसी कवर उपल्बध है जिनके पास डॉमिसिलरी सहित और रहित के साथ बेस पॉलिसी है:</u> (केवल जो बेस पॉलिसी रु.३ लाख (अवार्ड स्टाफ) / रु. ४ लाख (अधिकारी) लिया है.

| सेवानिवृत्ति (जीएसटी सहित दर) | | |
|---|---|---|
| बीमाकृत राशि | संपूर्ण परिवार | एकल व्यक्ति |
| 500000 | 6554 | 3932 |
| 400000 | 5243 | 3146 |
| 300000 | 4194 | 2517 |
| 200000 | 3408 | 2045 |
| 100000 | 2097 | 1258 |

कृपया बेस और सुपर टॉप अप विकल्प लेने से पहले निम्नलिखित शर्तों को नोट करें:

1. **अवार्ड स्टाफ बेस पॉलिसी में 4 लाख बीमाकृत राशि का विकल्प नहीं ले सकते:** वे 1 लाख से 3 लाख के बीच बीमाकृत राशि का चयन कर सकते हैं. तथापि, अधिकारी बेस पॉलिसी में 1 लाख से 4 लाख की बीमाकृत राशि का चयन कर सकते हैं.
2. **सुपर टॉप अप पॉलिसी केवल उन सेवानिवृत्त अवार्ड स्टाफ सदस्यों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 3 लाख और सेवानिवृत्त अधिकरी जिन्होंने 4 लाख की बीमाकृत राशि का बेस रिटायरीज़ पॉलिसी में विकल्प चुना है:** अवार्ड स्टाफ सुपर टॉप अप पॉलिसी में 1 लाख से 4 लाख की बीमाकृत राशि का चयन कर सकते हैं; तथापि, अधिकारी सुपर टॉप अप पॉलिसी में 1 लाख से 5 लाख की बीमाकृत राशि का चयन कर सकते हैं.
3. **किसी अधिकारी ने बेस पॉलिसी में 3 लाख की बीमाकृत राशि का चयन किया है, वह सुपर टॉप अप पॉलिसी में बीमाकृत राशि नहीं प्राप्त कर सकता है.**
4. **मौजूदा नियम एवं शर्तों के अनुसार डॉमिसिलरी उपचार, बेस पॉलिसी बीमाकृत राशि का 10% रहेगा, यह उनके लिए भी लागू होगा जिन्होंने एकल व्यक्ति दर का चयन किया है.**
5. सुपर टॉप अप पॉलिसी के तहत डॉमिसिलरी व्यय कवर नहीं किया गया है.
6. **आईबीए से प्राप्त अनुरोध के अनुसार, एकल व्यक्ति अर्थात् निम्नलिखित मामलों में से किसी एक के लिए** भिन्न दर दिये गए थे:-
   ए) सेवानिवृत जीवनसाथी के बिना
   बी) उत्तरजीवी जीवनसाथी (परिवार पेंशनभोगी)

7. जो सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्य मौजूदा रिटायरीज़ जीएचआई पॉलिसी 2019-20 के तहत कवर नहीं किए गए हैं, वे भी रिटाइरीज़ पॉलिसी 2020-21 के तहत कवर किए जा सकते हैं.
8. जो सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्य सुपर टॉप अप पॉलिसी 2019-20 के तहत कवर नहीं किए गए हैं, वे भी 2020-21 के लिए सुपर टॉप अप पॉलिसी प्राप्त कर सकते हैं.

<u>बेहतर रूप से समझने के लिए उदाहरण निम्नानुसार है:</u>

रु. 3,00,000 की बेसिक पॉलिसी के लिए, रु 4,00,000 की बीमाकृत राशि की सुपर टॉप अप पॉलिसी है. यदि रु. 3 लाख तक का दावा है तो सुपर टॉप अप पॉलिसी के तहत कोई दावा नहीं दिया जाएगा. यदि दावा रु. 6 लाख का दावा है तो बेसिक पॉलिसी से रु. 3 लाख का भुगतान किया जाएगा और शेष रु. 3 लाख का भुगतान सुपर टॉप पॉलिसी से किया जाएगा. यदि उसी वर्ष में कोई और दावा किया जाता है और बेसिक पॉलिसी की राशि समाप्त हो गई है तो शेष राशि का भुगतान सुपर टॉप अप पॉलिसी से किया जाएगा.

उसी तरह रु. 4,00,000 की बेसिक पॉलिसी के लिए, रु 5,00,000 की बीमाकृत राशि की सुपर टॉप अप पॉलिसी है.

सुपर टॉप अप एक्सटेंशन के बाद रु. 3 लाख की बेसिक पॉलिसी रु. 7,00,000 की हो जाती है. (बेसिक बीमाकृत राशि रु. 3 लाख + सुपर टॉप अप बीमाकृत राशि रु. 4 लाख = रु. 7,00,000)

उसी तरह, सुपर टॉप अप एक्सटेंशन के बाद रु. 4 लाख की बेसिक पॉलिसी रु. 9,00,000 की हो जाती है. (बेसिक बीमाकृत राशि रु. 4 लाख + सुपर टॉप अप बीमाकृत राशि रु. 5 लाख = रु. 9,00,000)

<u>बॉब स्टाफ पेंशनरों के लिए विशेष वैयक्तिक ऋण:</u>

बैंक द्वारा अपनी मेडिकल इंश्योरेंस पॉलिसी के नवीकरण के लिए वार्षिक नवीकरण प्रीमियम के भुगतान हेतु बॉब स्टाफ पेंशनरों को सुविधा प्रदान करने के लिए "बीओबी स्टाफ पेंशनरों के लिए विशेष वैयक्तिक ऋण" देने का भी निर्णय लिया गया है. ऋण की अधिकतम राशि नवीकरण प्रीमियम राशि के बराबर या रु. 38000/-, इनमें से जो भी कम हो/होगी और इसे अधिकतम 10 ईएमआई में चुकाया जा सकता है. इस ऋण योजना की प्रति **अनुलग्नक बी** के रूप में संलग्न है. यह ऋण 25 अक्टूबर, 2020 तक लिया जा सकता है.

योजना में दिए गए विवरण अनुसार शाखा द्वारा ऋण संवितरित राशि को पेंशनभोगी के उस बचत खाते में जमा किया जाएगा, जिसमें मासिक पेंशन जमा होती है.

हमें विश्वास है कि यह ऋण योजना एक बार में उच्च प्रीमियम राशि का बोझ वहन करने की कठिनाइयों को कम करेगी.

वे सेवानिवृत्त अधिकारी/अवार्ड स्टाफ जो उपर्युक्त अनुलग्नक में दिये गए विवरण के अनुसार ऋण प्राप्त करना चाहते हैं, वे पेंशन देने वाली शाखा से संपर्क कर सकते हैं.

शाखाओं को सूचित किया जाता है कि उनके पेंशन खाते में ऋण राशि जमा की जाए. यह पेंशनभोगी की ज़िम्मेदारी होगी कि वह प्रीमियम राशि के नामे के लिए अपने खाते में पर्याप्त राशि रखे.

प्रत्येक माह पेंशन जमा होने के बाद ऋण पुनर्भुगतान किस्त की कटौती पेंशन देने वाली शाखा द्वारा की जाएगी.

कार्य बिन्दु:

ए) वर्ष 2020-21 की पॉलिसी के अंतर्गत शामिल कर्मचारियों सहित वे सभी कर्मचारी जो इस पॉलिसी को लेना चाहते हैं, उन्हें अपना **विकल्प दिनांक 25 अक्टूबर, 2020 तक ऑनलाइन प्रस्तुत करना होगा.**

**इसका लिंक दिनांक 13.10.2020 से 25.10.2020 तक बैंक की वेबसाइट पर एक्स-एम्प्लॉयी सेक्शन में दिया गया है जिसका पाथ निम्नानुसार है:**

https://smepaisa.bankofbaroda.co.in/ExEmpinsurance2021

ऑनलाइन विकल्प प्रस्तुत करते समय निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत करें:

i. जीवनसाथी (नाम एवं जन्म की तारीख), यदि आवश्यक हो
ii. खाता संख्या एवं शाखा का आईएफएससी कोड.
iii. ई-मेल एड्रेस एवं मोबाइल नंबर
iv. पत्राचार के लिए पूरा पता पिन सहित
v. सही विकल्प का चयन करें
vi. अपना संवर्ग परिवर्तित कर सकते हैं.

**बी) जो इस बीमा पॉलिसी को छोड़ना चाहते हैं, उन्हें उसके लिए विकल्प देना होगा.**

सी) दिए गए विकल्प के अनुसार **दिनांक 26 अक्टूबर, 2020** को उस खाते से प्रीमियम नामे किया जाएगा जो उनके द्वारा विकल्प प्रस्तुत करते समय दिया जाएगा. **अत: यह सूचित किया जाता है कि पॉलिसी जब्त होने से बचाने के लिए दिए गए खाते में पर्याप्त शेषराशि रखें.**

डी) ऑनलाइन दिए गए विकल्प को प्रीमियम राशि हेतु खाते को नामे करने का प्राधिकार समझा जाएगा.

**ई) सेवानिवृत स्टाफ सदस्य, चाहे उन्होंने गत वर्ष पॉलिसी में विकल्प दिया हो या नहीं, रिटायरीज़ पॉलिसी 2020-21 में डॉमिसिलरी सहित या रहित विकल्प का चयन कर सकते हैं.**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

च) सेवानिवृत्त कर्मचारी, जिन्होंने पिछले वर्षों में आईबीए जीएमसी सेवानिवृत्ति पॉलिसी के विकल्प का चयन किया है वे आईबीए जीएमसी पॉलिसी के अतिरिक्त नियम सं.6 के अनुसार किसी अन्य पॉलिसी के विकल्प के चयन के लिए पात्र होंगे.

छ) सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्य के प्रीमियम की कटौती हो जाने के बाद विकल्प बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

ज) विकल्प के चयन के लिए प्रधान कार्यालय या किसी शाखा/ कार्यालय स्तर पर विकल्प चयन की **हार्ड कॉपी स्वीकार नहीं** की जाएगी.

**झ) यदि ऑनलाइन रूप से कोई विकल्प प्राप्त नहीं होता है, तो मौजूदा पॉलिसी के तहत कवर किए गए सेवानिवृत स्टाफ सदस्य हेतु विकल्प "डॉमिसियलरी सहित एवं रहित टॉप-अप कवर" के साथ जारी रहेगा.**

**ञ) यदि 26 अक्टूबर 2020 को पर्याप्त शेष उपलब्ध नहीं है तो ऐसा माना जाएगा कि वह मेडिकल इंश्योरेंस नीति को जारी रखने हेतु इच्छुक नहीं और तदनुसार पॉलिसी का नवीकरण नहीं किया जाएगा.**

ट) यदि एक बार ऑनलाइन रूप से विकल्प का चयन किया जाता है तो इसमें बदलाव की अनुमति नहीं होगी.

हम सभी सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों की सुविधा के लिए इस नोटिस की एक प्रति शाखाओं /कार्यालयों में प्रदर्शित करने के लिए भेज रहे हैं.

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया ईमेल medicalinsurance.ho@bankofbaroda.com पर संपर्क करें.

(एस कन्नन)
प्रमुख – एचआरसीपीसी एवं सेवान्त लाभ

प्रति भारत स्थित सभी शाखाओं /कार्यालयों को सभी सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यों की सुविधा के लिए नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करने के लिए प्रेषित. विकल्प से संबंधित किसी भी हार्ड कॉपी को किसी शाखा/कार्यालय में स्वीकार नहीं किया जाएगा.

**Annexure A**

| Domiciliary Hospitalization/ Domiciliary Treatment | |
|---|---|
| Sr. No | Treatments |
| 1. | Cancer |
| 2. | Leukemia |
| 3. | Thalassemia |
| 4. | Tuberculosis |
| 5. | Paralysis |
| 6. | Cardiac Ailments |
| 7. | Pleurisy |
| 8. | Leprosy |
| 9. | Kidney Ailment |
| 10. | All Seizure disorders |
| 11. | Parkinson's diseases |
| 12. | Psychiatric disorder including schizophrenia and psychotherapy |
| 13. | Diabetes and its complications |
| 14. | Hypertension |
| 15. | Hepatitis -B |
| 16. | Hepatitis - C |
| 17. | Hemophilia |
| 18. | Myasthenia gravis |
| 19. | Wilson's disease |
| 20. | Ulcerative Colitis |
| 21. | Epidermolysis bullosa |
| 22. | Venous Thrombosis(not caused by smoking) Aplastic Anaemia |
| 23. | Psoriasis |
| 24. | Third Degree burns |
| 25. | Arthritis |
| 26. | Hypothyroidism |
| 27. | Hyperthyroidism expenses incurred on radiotherapy and chemotherapy in the treatment of cancer |
| 28. | and leukemia |
| 29. | Glaucoma |
| 30. | Tumor |
| 31. | Diptheria |
| 32. | Malaria |
| 33. | Non-Alcoholic Cirrhosis of Liver |
| 34. | Purpura |
| 35. | Typhoid |
| 36. | Accidents of Serious Nature |
| 37. | Cerebral Palsy |
| 38. | Polio |
| 39. | All Strokes Leading to Paralysis |
| 40. | Haemorrhages caused by accidents |
| 41. | All animal/reptile/insect bite or sting |
| 42. | Chronic pancreatitis |
| 43. | Immuno suppressants |
| 44. | Multiple sclerosis/ motorneuron disease |

| | |
|---|---|
| 45. | Status asthamaticus |
| 46. | Sequalea of meningitis |
| 47. | Osteoporosis |
| 48. | Muscular dystrophies |
| 49. | Sleep apnea syndrome(not related to obesity) |
| 50. | Any organ related (chronic) condition |
| 51. | Sickle cell disease |
| | Systemic lupus erythematous (SLE) |
| 52. | Any connective tissue disorder |
| 53. | Varicose veins |
| 54. | Thrombo embolism venous thrombosis/venous thrombo embolism (VTE)] |
| 55. | Growth disorders |
| 56. | Graves' disease |
| 57. | Chronic Pulmonary Disease |
| 58. | Chronic Bronchitis |
| 59. | Physiotherapy and swine flu shall be considered for reimbursement under domiciliary treatment. |
| 60. | Type1 Diabetes |
| 61. | Rheumatoid Arthritis (RA) |
| 62. | Psoriasis/ Psoriatic Arthritis |
| 63. | System Lupus Erythematous |
| 64. | Inflammatory Bowel Disease |
| 65. | Addition's Disease |
| 66. | Sjogren's Syndrome |
| 67. | Hashimoyo's Thyroiditis |
| 68. | Autoimmune Vasculitis |
| 69. | Pernicious Anemia |
| 70. | Celiac Disease |
| 71. | Autoimmune Myositis |

**ANNEXURE B: Personal loan to Retirees**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Target Group | All Retired Officers/ Retired Award Staff (Including sub-staff) of Bank Of Baroda (Pensioners), who are opted for "Group Medical Insurance for Retirees" and required to remit the renewal premium for the same. (To National Insurance Company Ltd). |
| 2 | Purpose | a) Exclusively for funding the renewal premium amount of Group Medical Insurance for Retirees.<br>b) No other purpose/ requirements to be considered under the scheme. |
| 3 | Maximum Amount of Loan | Upto the Renewal Premium amount (inclusive of GST) for the IBA Group Mediclaim Insurance for Retirees' or **Rs 38000/-** whichever is lower. |
| 4 | Margin | Nil |
| 5 | Repayment Period | Maximum -10- months (in EMls) |
| 6 | Rate of Interest | One year MCLR (No addition of Strategic Premium) |
| 7 | Processing Charges | Nil |
| 8 | Prepayment charges | Nil |
| 9 | Penal Interest | Nil |
| 10 | Sanctioning Authority & Lending Powers | a) The Sanctioning Authority will be the Branch Head of the Bank where the employee is maintaining pension account.<br>b) DLP of Clean Loans shall be exercised by the Sanctioning Authority. |
| 11 | Documents to be submitted | a) Application Form (Existing application for Baroda Loan to Pensioners may be used).<br>b) Details of EC No./PPO No. etc. |
| 12 | Documentation | a) DP Note<br>b) Letter of Instalment with Acceleration Clause.<br>c) Declaration cum Undertaking cum Authority.<br>d) Authority letter to recover monthly Installment from pension account and to recover the installment from family pension in case of demise of the retired staff member. |
| 13 | Other Conditions | a) The Loan sanctioned will be credited to the pension account of the staff member for payment of gross premium only.<br>b) To ensure that the employee is deprived of not getting insurance cover under the scheme, the disbursed amount to be credited to the Pension account of the retired employee.<br>The procedure as advised by HRM Department from time to time should be followed for remitting the amount of premium.<br>Monthly installments to be recovered from the pension paid by the branch every month on the date of payment of pension without fail.<br>Proper noting is to be made in the borrowers pension file regarding granting of the Loan to ensure that the pension payment is not transferred<br>To any other branch during the currency of the loan. |
| 14 | Scheme code | Account should be opened in finacle under the separate scheme codes:-<br>**LAA 664** |

बैंक ऑफ़ बड़ौदा BANK OF BARODA मा.सं.परिचालन H.R. Ops.